भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 344
19 जुलाई, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: खरीफ की बुआई में विलंब

344. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस वर्ष खरीफ की बुआई में विलंब हुआ है और यदि हां, तो इसमें विलंब के क्या कारण हैं;

(ख) अब तक की गई खरीफ की बुआई का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या किसान दलहन और खाद्यान्न की खेती से कपास आदि की खेती की ओर बढ़ रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो देश में उक्त कदम द्वारा खाद्य सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (घ): राज्यों से उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, देश के प्रमुख हिस्सों में बुवाई समय पर शुरू की गई हैं। दिनांक 15.07.2022 तक खरीफ फसलों के तहत बोया गया क्षेत्र पिछले वर्ष की इसी अवधि के 591.30 लाख हेक्टेयर की तुलना में 592.11 लाख हेक्टेयर है।

कृषि और किसान कल्याण विभाग विभिन्न योजनाओं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.), बागवानी के एकीकृत विकास पर मिशन (एम.आई.डी.एच.), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना - कृषि और संबद्ध क्षेत्र के कायाकल्प के लिए लाभकारी दृष्टिकोण (आर.के.वी.वाई.-रफ्तार) आदि के तहत विविध फसलों जैसे अनाज, दलहन, तिलहन, कपास, गन्ना, जूट और मेस्टा, बागवानी फसलों आदि के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।।

*****